आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# पीएम ने धरती आबा का उपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए किया: सुप्रियो

**झारखंड दौरे का उद्देश्य राज्य सरकार के बढ़ते कदम को रोकना था**

**सरकारी खर्च पर प्रचार पाना ही भाजपा का एकमात्र उद्देश्य रहा**

**एचइसी और सरना धर्म कोड पर पीएम की चुप्पी सवाल खड़ा करती है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि उनका दौरा सिर्फ और सिर्फ राजनीति से प्रेरित था, प्रचार पाना ही एकमात्र उद्देश्य था। झारखंड की धरती से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मतदाताओं पर प्रभाव डालना था। सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस में दौरे को लेकर बहुत सारे सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दौरा जब फाइनल हुआ, तो हमें भी लगा कि वह यहां आकर शायद इस राज्य का कोई विशेष रूप से वह उपहार देंगे, क्योंकि अपेक्षाएं उनसे बहुत थीं, लेकिन कहीं न कहीं उनकी वापसी के बाद निराशा का माहौल हो गया। पिछले साल इसी 15 नवंबर को भारत सरकार के द्वारा जनजातीय गौरव दिवस का नामंकरण किया गया और देश की प्रथम महिला जनजातीय राष्ट्रपति महोदया यहां पर आयी थीं। तब से यह आशा थी कि जनजातीय बहुल देश के जो भी इलाके हैं, जो पांचवीं और छठी अनूसूची के तहत संवैधानिक रूप से आच्छादित हैं, उनके लिए कोई विशेष कार्य किये जायेंगे। कल भी प्रधानमंत्री जी ने पीएम जनमन योजना को लागू किया, जिसमें जनजातीय समूह के न्याय और अधिकार की बात थी। लेकिन वहीं पर सबसे कौतूहल हुआ कि आदि धर्म और संस्कृति के बारे में पीएम को कोई



जानकारी थी और न ही जनजातीय समूह के प्रति सच्ची कोई भावना थी। क्योंकि पीएम ने इस दौरे में सरना धर्म कोड, जो इस राज्य के विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित करके भेजा है, उसका उल्लेख तक नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी आप अच्छी-अच्छी बातें करते हैं, लेकिन आपके दिल में आदिवासी समुदाय के प्रति सम्मान का कोई भाव नहीं है। इसका उदाहरण मणिपुर है, जो छठी अनुसूची का राज्य है। आप न मणिपुर गये न मणिपुर के लोगों के साथ संवाद स्थापित किया। आप मिजोरम भी नहीं गये। वह भी छठी अनुसूची में है। वहां 40 सीटें जनजाति आरक्षित हैं। तो क्या आप छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मतदाताओं को संबोधित करने के लिए राज्य के खूंटी को चुना। धरती आबा का गांव चुना। प्रधानमंत्री ने प्रभात तारा मैदान में मनाये गये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिक्र किया, खूंटी जिला में एक सौ प्रतिशत सोलर लाइट से सज्जित न्यायालय का जिक्र किया, लेकिन आपने एचइसी के बारे में कोई जिक्र तक नहीं किया। हम पहले भी बोल रहे थे कि प्रधानमंत्री जी एचइसी को बचा लीजिए। लेकिन प्रधानमंत्री जी ने जानबूझ कर एचइसी के बारे में कोई बात नहीं की। वह जानते हैं कि इस प्रदेश में रुग्णता आये। राज्य गरीब बना रहे। सुप्रियो ने कहा कि कल राज्य का स्थापना दिवस था। राज्य सरकार ने अपने राज्यवासियों के लिए जो योजनाएं लायीं, वह सभी लाइफ चेंजर हैं, गेम चेंजर हैं। मील का पत्थर हैं। चाहे ग्राम गाड़ी योजना हो, स्टार्टअप हो, एमएसएमइ के लिए योजना हो, आइटी के सेक्टर हो। खिलाड़ियों के लिए योजनाएं लायी गयीं। जिन खिलाड़ियों ने अपने राज्य का नाम रोशन किया, उन्हें नियुक्ति पत्र भी दिया गया, उनको सम्मानित भी किया गया। प्रधानमंत्री जी शायद यह जानते थे कि राज्य सरकार के बढ़ते कदम को यदि रोकना है, तो हमको आना पड़ेगा, ताकि राष्ट्रीय स्तर से लेकर राज्य स्तर पर हम प्रचार की हेड लाइन ले लें। हाथ हिलाते हुए रोड शो करें। तो क्या फोटो शूटिंग के लिए, राजनीतिक कारण के लिए ही झारखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री यहां आये। जबकि पिछली बार राष्ट्रपति की स्वीकृति देने के बाद भी वह राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। इस बार ऐसा इसलिए किया गया कि पूरा आधा दिन राज्य प्रधानमंत्री के पीछे लगा रहे। पहले तो सुनते थे कि गवर्नेंस को डिस्टर्ब करने के लिए आइटी आती थी। सीबीआइ आती थी, इडी को लगाया जाता था। अब तो गवर्नेंस को डिस्टर्ब करने के लिए पीएम भी लग गये कि मेरा भी चेहरा रहना चाहिए।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कल हमने गवर्नर साहब को भी सुना। प्रधानमंत्री की वंदना की, कोई बात नहीं। लेकिन उन्होंने एक बात कही कि हम चुनाव में जायें तो राजनीतिक लड़ाई करें और राज्य में विकास की बात करें। तो माननीय राज्यपाल जी को प्रधानमंत्री जी को ये बातें तो जरूर बतानी चाहिए थीं एचइसी की स्थिति क्या है। कहना चाहिए था कि सरना धर्म कोड के बारे में निर्णय ले लीजिए। ऐसा नहीं हुआ। इसका साफ अर्थ है कि केवल और केवल राजनीतिक प्रचार तंत्र ही अब सरकारी खर्च पर भाजपा का उद्देश्य रह गया है। समृद्ध भारत के विकास का भी अभियान देख लीजिए। बेरोजगारी की क्या स्थिति है। स्वास्थ्य की क्या स्थिति है। अर्थ व्यवस्था की क्या स्थिति है। प्रधानमंत्री जी गर्व के साथ कहते हैं कि अगले पांच साल तक हम मुफ्त में अनाज देंगे। ये गरीबी का उपहास उड़ाना है। आपने अपने कार्यकाल में लोगों को इतना गरीब कर दिया कि विश्व के हंगर इंडेक्स में हम नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी नीचे आ गये। उन्होंने कहा कि आपको यदि एचइसी को बेचना ही है अडाणी को तो उसका भी एलान करके जाते। आपने तो झारखंड की बात की और वन संशोधन कानून ऐसा लाया कि जंगलों के अंदर कारपोरेट सेक्टर घुस गया। जंगल को मिटा कर आप जनजाति को बचा लीजिएगा। सरना धर्म कोड को मिटा कर आप आदिवासी न्याय की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जानता है कि राज्य को कैसे अलग किया है अपनी शहादत देकर। हम आदि धर्म को भी संवैधानिक दर्जा देंगे, उसके लिए जो भी संघर्ष करना पड़े, उस संघर्ष के लिए हम तैयार हैं।

## झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर बिफरी भाजपा

# पीएम मोदी के संबंध में अनर्गल, असंवैधानिक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा: समीर उरांव

**नरेंद्र मोदी ने जनजाति समाज के लिए जितना किया, झामुमो सात जन्मों में नही सोच सकता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव ने झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए आक्रोश व्यक्त किया है। श्री उरांव ने कहा कि सुप्रियो भट्टाचार्य विक्षिप्त मानसिकता से ग्रस्त हो चुके हैं, इसलिए उनका इलाज मानसिक आरोग्यशाला कांके में कराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा को इससे दिक्कत है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया, इस पर झामुमो को दिक्कत है। आजादी के



75 वर्षों के बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते जनजाति समाज के लिए पीएम जनमन योजना के माध्यम से 24 हजार करोड़ रूपये की योजनाओं की शुरुआत हुई, यह झामुमो को पसंद नही है।

उन्होंने कहा कि भारत देश एक है। प्रधानमंत्री संवैधानिक रूप से राज्य के किसी हिस्से में कार्यक्रम में शामिल होने जा सकते हैं, लेकिन झामुमो को अगर प्रधानमंत्री का यह दौरा राज्य सरकार को डिस्टर्ब करनेवाला लगे, तो फिर ऐसी सोच का संवैधानिक उपचार भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस मंच पर राज्य के महामहिम राज्यपाल, स्वयं मुख्यमंत्री उपस्थित हों, राज्य का प्रशासनिक तंत्र काम में जुटा हो उसे डिस्टर्बिंग आयोजन बताना पूरी तरह असंवैधानिक है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनकी पार्टी झामुमो के इस बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

श्री उरांव ने कहा कि झामुमो की जनजाति समाज की चिंता उस समय कहां चली जाती है, जब लाखों आदिवासी भाई बहनों को उनकी धर्म संस्कृति से काट कर धर्मांतरित कराया जा रहा। झामुमो आदिवासी बहन बेटियों की लूटती इज्जत पर कब चिंता व्यक्त करेगा। झामुमो पहाड़िया बेटी की टुकड़ों में हत्या होने पर क्यों चुप्पी साधे बैठ जाता है।

झामुमो बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण पूरे राज्य की बदलती डेमोग्राफी पर क्यों मुंह नही खोलता है। झामुमो प्रवक्ता लव जिहाद में आदिवासी बेटियों के हो रहे शोषण पर क्यों कुछ नही बोलता। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी दारोगा संध्या टोपनो की हत्या गो तस्करों ने कर दी, झामुमो का मुंह नही खुला। होनहार आदिवासी बेटी दारोगा रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत पर झामुमो मौन बैठा रहा। उन्होंने कहा कि राज्ये के अनेक होनहार आदिवासी युवकों की हत्या हेमंत राज में हुई, फिर भी झामुमो चुप रहा। उन्होंने कहा कि झामुमो कैसा आदिवासी हितैषी है। क्या आदिवासी वही कहा जायेगा जो मुख्यमंत्री बन कर आदिवासियों का जमीन लूट ले। आदिवासियों के लिए आवंटित औद्योगिक जमीन को अपने परिवार के नाम कर दे। क्या आदिवासी का हितैषी वही माना जायेगा जो राज्य के जल जंगल जमीन, खान खनिज, बालू, पत्थर को दलालों, बिचौलियों से लुटवाये।

समीर उरांव ने कहा कि झामुमो के लिए शिबू सोरेन परिवार ही केवल आदिवासी है। इसलिए दूसरे किसी आदिवासी नेता और आदिवासियों की भलाई सोचने वाला प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष झामुमो को पसंद नहीं।

उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनाने से लेकर राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े, महिला, युवा सभी के कल्याण के लिए भाजपा संकल्पित और समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जनजाति समाज के लिए जितना कर दिया, उतना झामुमो सात जन्मों में नहीं कर सकता। झामुमो के पास न नीति है और न नियत है।

# बाबूलाल राज्य के प्रथम आदिवासी सीएम, सूबे में सर्वमान्य नेता, इसलिए मंच पर रही उनकी मौजूदगी

**कांग्रेस बताये राज्य के प्रभारी अविनाश पांडे किस हैसियत से सरकारी कार्यक्रम में मंच पर आसीन होते हैं: भाजपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के उस बयान पर जवाब दिया है, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को प्रधानमंत्री संग मंच पर उपस्थिति को लेकर सवाल उठाये गये हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का आरोप है कि सरकारी कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को जगह क्यों दी गयी। कांग्रेस के इस विरोध पर भाजपा ने सवाल किया है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा कि कांग्रेस को तो बस शोर मचाने की लत है, वर्ना यहां तो सब खैरियत है। कुणाल ने कहा कि अखबारों में बने रहने के लिए बस विरोध नहीं करनी चाहिए। तर्कयुक्त विरोध हो तो लोकतंत्र में उसका स्वागत है। वहीं कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ मंच पर बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाते नहीं थी, अपितु राज्य के प्रथम



आदिवासी मुख्यमंत्री होने के कारण उनके प्रति प्रधानमंत्री का सम्मान और आदर भाव है।

कहा कि बाबूलाल मरांडी का ओहदा क्या है यह पीएम के संबोधन के उस अंश से जाहिर हो जायेगा, जब उन्होंने मंच से पूर्व सीएम बाबूलाल जी को परम मित्र बताया। जहां तक हैसियत का सवाल है तो कांग्रेस के नेता यह बतायें कि विशाल चौधरी के घर में विभागीय संचिका किस हैसियत से गयी थी, दलाल प्रेम प्रकाश के घर में सीएम सुरक्षा में लगे जवानों की एके-47 की बंदूक कैसे पायी गयी थी, मुख्यमंत्री जी के हस्ताक्षर की हुई चेक बुक माफियाओं के घर पर कैसे मिली थी? कांग्रेस के राज्य के प्रभारी अविनाश पांडे किस हैसियत से सरकारी कार्यक्रम में मंच पर आसीन होते हैं? प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर किस हैसियत से मंच पर जाते हैं। भाजपा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की लोकप्रियता से राज्य सत्ताधारी दल पूरी तरह से असहज हो गये हैं। इनके वरीय नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ सा गया है। उन्हें सोते समय भी स्वप्न में बाबूलाल मरांडी ही दिखते हैं। श्री मरांडी सूबे में सर्वमान्य आदिवासी नेता हैं। इसी ईर्ष्या भाव से उनके नेता प्रतिपक्ष के मामले को हेमंत सरकार ने विधानसभा में चार वर्षों तक लटकाये रखा। अब जब भाजपा ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना कर सम्मान दिया तो संकल्प यात्रा की सफलता से राज्य सरकार का सिंहासन हिलने लगा है। परिणामतः अनावश्यक मामलों को मीडिया में उछाल कर जनता को बरगलाने का प्रयास है।

# रांची में थिंक-2024 आज से

**कांग्रेस नेता शशि थरूर और आदित्य ठाकरे रांची आयेंगे, भविष्य पर होगा मंथन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी शुक्रवार को थिंक-2024 का आयोजन कर रही है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सह सांसद डॉ शशि थरूर और शिवसेना महाराष्ट्र के विधायक पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे के साथ-साथ कई लोग हिस्सा ले रहे हैं। इसका आयोजन रांची के होटल बीएनआर चाणक्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने बताया कि 17 नवंबर को शाम छह बजे होटल बीएनआर चाणक्य में थिंक- 2024 शुरू होगा।

प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अधिकारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं। स्वागत समिति में रुद्र शुक्ला, कृष्णा सहाय, संजीत महतो, अनिल सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जबकि सांस्कृतिक आयोजन समिति में शुभम, इवेंट मैनेजमेंट समिति में गौरव आनंद, ऐलन एंड्रयू, बैनर प्रचार समिति में अनुराग गुप्ता, डिजिटल टीम में उज्ज्वल गुप्ता, रजिस्ट्रेशन में स्मिता एंड टीम को ज़िम्मेवारी दी गयी।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

इस कार्यक्रम का उद्देश्य है साल 2024 पर चर्चा करना। आज की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए 2024 की तैयारी पर मंथन करना। साथ ही व्यापार, रोजगार, स्वास्थ्य सहित दूसरी सुविधाओं की उपलब्धता और बेहतर होने की संभावना पर भी विस्तार से मंथन किया जायेगा। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी राजनीति के साथ- साथ कई अहम विषयों पर मंथन के लिए इसका आयोजन कर रही है।

# होटल ग्रीन एकर में सफल स्टार्टअप मीट आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एयरपोर्ट रोड के होटल ग्रीन एकर में, बैंगलोर स्थित एचआर टेक कंपनी, सीवी टेक्नोलॉजीज ने एक उत्कृष्ट स्टार्टअप मीट का आयोजन किया है। इस गहन चर्चा के माध्यम से कई स्टार्टअप को-संस्थापकों ने अपने विचारों, समस्याओं के समाधान, और स्केलेबल व्यापार बनाने की रणनीतियों को बातचीत का मंच बनाया। मुख्य आयोजितकर्ता में से कृष्णकांत सिंह और रोहित कुमार, जो सीवी टीम के प्रमुख हैं, उन्होंने आधारभूत सभी विचारशील सत्र में अपनी सार्थक भूमिका निभायी-



स्टार्टअप योजनाओं, निवेश की राहों, और स्टार्टअप की चुनौतियों के समाधान पर विचार किया और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण बातें साझा की। सीवी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक (कृष्णकांत सिंह) ने कहा, यह सम्मेलन एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां हम सभी एक-दूसरे से सीख सकते हैं और नयी शक्ति और सोच लाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। हम झारखंड में एक सुशिक्षित स्टार्टअप समुदाय की रूपरेखा बनाने के कारगर कदम उठा रहे हैं। इस सम्मेलन से न सिर्फ स्थानीय उद्यमिता के लिए एक नयी दिशा स्थापित की है, बल्कि सीवी टेक्नोलॉजीज के सदस्यों ने भी अपनी मौलिक योजनाओं के माध्यम से स्थानीय स्टार्टअपों को आगे बढ़ने में सहारा देने का अपना समर्थन भी दिखाया है।

# अनिल कुमार खंडेलवाल ने की छठ पर्व पर यात्री सुविधा-सुरक्षा पर तैयारियों की समीक्षा

**महाप्रबंधक ने यात्रियों से ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा ना करने तथा यात्रा के दौरान बीड़ी/सिगरेट का सेवन नहीं करने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने धनबाद मंडल के सभाकक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में क्राउड मैनेजमेंट, यात्री सुविधा/सुरक्षा के लिए पूर्व मध्य रेल की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यालय, हाजीपुर में प्रमुख विभागाध्यक्ष के साथ अपर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश और सभी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को छठ पर्व के दौरान स्टेशनों और ट्रेनों में होने वाली यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए एक कार्य योजना के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्री सुविधा और उनकी सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। महाप्रबंधक श्री खंडलेवाल ने यात्रियों से ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा ना करने तथा यात्रा के दौरान बीड़ी/सिगरेट का सेवन नहीं



करने की अपील की। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गये हैं। यात्रीगण बिना लाइन में लगे यूटीएस ऑन मोबाइल एप तथा एटीवीएम द्वारा अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकते हैं। पूछताछ कार्यालय के कर्मचारियों को अद्यतन जानकारी के साथ चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। ट्रेनों के आवागमन संबंधी सूचनाएं एनटीइएस पर निरंतर अद्यतन की जायेगी। कैटरिंग यूनिट पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। यात्री सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए महाप्रबंधक ने स्टेशनों पर और ट्रेनों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात करने का निर्देश दिया। यात्री सुविधा और सुरक्षा से जुड़े कार्यों की लगातार उच्च स्तरीय निगरानी की जा रही है तथा इस कार्य हेतु अधिकारियों की तैनाती भी की गयी है। वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों और दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर, स्ट्रेचर और अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। असामाजिक तत्वों तथा भीड़ नियंत्रण हेतु मुख्य स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है। प्रमुख स्टेशनों पर स्काउट एवं गाइड की भी तैनाती की जा रही है। साथ ही यात्रियों की सहायता हेतु मे आयी हेल्प यू/हेल्प डेस्क/सहयोग बूथ बनाया गया है। चिकित्सा सहायता बूथ भी बनाये गये हैं । प्रमुख स्टेशनों पर एंबुलेंस की भी व्यवस्था है। महिला यात्रियों की सुरक्षा और मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम मेरी सहेली की तैनाती की गयी है। छठव्रतियों के आवागमन की सुविधा के लिए लेवल क्रॉसिंग चिह्नित कर वहां आरपीएफ/ जीआरपी/होम गार्ड की तैनाती की जायेगी।

# जोड़ा में बिरसा मुंडा की प्रतिमा की स्थापना

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जोड़ा नगर पालिका के कला पाहाड़ में आज स्वतंत्रता सेनानी और महान आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। जिंदल स्टील एंड पावर द्वारा निर्मित यह प्रतिमा 7 फीट ऊंची है और काले ग्रेनाइट से बनी है। प्रतिमा का अनावरण जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के अध्यक्ष नवीन जिंदल, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री तुत्सी मुंडा और जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल ने किया।

श्री जिंदल ने कहा कि महान बिरसा मुंडा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रतिमा आज के युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आदिवासी समाज के विकास के लिए हमेशा प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, जिंदल स्टील एंड पावर ने हमेशा स्थानीय संस्कृति और सामुदायिक विकास में विश्वास किया है। हम आदिवासी समुदायों का बहुआयामी विकास चाहते हैं और हम स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, कौशल विकास और अन्य क्षेत्रों में लोगों के विकास पर काम कर रहे हैं। पद्मश्री तुलसी मुंडा ने जोड़ा नगर पालिका के कला पाहाड़ चैक का नाम बीर बिरसा मुंडा के नाम पर रखने का आह्वान किया।



उन्होंने यह भी कहा कि जेएसपी ने इन आदिवासी क्षेत्रों में विभिन्न विकास गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भगवान बिरसा मुंडा की बहादुरी को याद करते हुए, जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती शालू जिंदल ने देश के आदिवासी प्रमुख क्षेत्रों के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जनजातीय गौरव दिवस के हिस्से के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख आदिवासी संगठन आदिवासी हो समाज द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में श्री जगदीश प्रसाद साहू अध्यक्ष जोडा नगर पालिका, आशीष पांडे प्रमुख स्लरी और कच्चा माल, जेएसपी, प्रशांत कुमार होता अध्यक्ष और समूह प्रमुख सीएसआर जेएसपी के साथ अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बेंती में सोहराय जतरा महोत्सव का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव में गुरुवार को सोहराय जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक परियोजना के खान प्रबंधक एसके सिंह के अलावा टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया, उपमुखिया किरण देवी, रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, सचिव रामचद्र उरांव आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने कहा कि पर्व-त्योहार और मेला हमारी संस्कृति की पहचान है। आज भी इसे उत्साह के साथ मनाया जाता है। पूर्वजों के समय से चलते आ रहे इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रखने का आह्वान किया। इससे पूर्व गांव के पाहन द्वारा सोहराय जतरा खूंटा में विधिवत पूजा की गयी। इस मौके पर पारम्परिक रूप से खोडहा नृत्य प्रस्तुत किया गया। रात में नागपुरी आरकेष्टा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में खेल खिलौना, मिठाई, ईख, की खूब बिक्री हुई। इस मौके पर समिति के सुखी गंझु, गणेश भुइयां, जेपी महाराज, धनराज भोगता, हरिनारायण गंझू, रचित गंझू, रोहन गंझू, प्रेम ठाकुर, राम बालक गंझू, दिलीप गंझु, मनु केशरी, आदित्य केशरी, सिकंदर प्रजापति आदि मौजूद थे।

## महापर्व छठपूजा को लेकर साफ-सफाई शुरू

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो के निर्देश पर बुंडू नगर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में महापर्व छठ को लेकर साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। बुंडू नगर पंचायत की ओर से छठ पर्व पर रानीचुआं, खुदीया बांध एवं मैनेजर बांध में साफ-सफाई गुरुवार से शुरू की गयी। इसके अलावा सूर्य मंदिर परिसर स्थित सूर्य सरोवर में जेसीबी लगाकर छठ व्रतियों के लिए घाटों की सफाई किया जा रहा है। यहां पर भी बड़ी संख्या में छठ व्रती अर्घ्य देने आती हैं। राजधानी रांची के अलावा आसपास के क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में छठव्रती पहुंचती हैं सूर्य सरोवर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थायें सूर्य मंदिर प्रबंधन समिति एवं संस्कृति विहार संस्था द्वारा की जाती है। नगर पंचायत के प्रबंधक महफूज रहमान, अनुमंडल कार्यालय के अधीक्षक राजेश कुमार, कामेश्वर यादव, सतनारायण भगत, दिनेश जायसवाल आदि की देखरेख में सूर्य मंदिर के सूर्य सरोवर सड़क एवं घाटों की सफाई की जा रही है।

## माकपा के उलगुलान रैली की तैयारी पूरी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** माकपा के उलगुलान रैली 17 नवंबर को मौसी बड़ी मंदिर परिसर में आयोजित होगी। इसे लेकर माकपा की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। बुंडू के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में माकपा के झंडे से पाट दिये गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आने से लोगों की भीड़ की उम्मीद है। इसके लिए मौसी बाड़ी में मंच बनाया गया है। पार्टी नेता रमेश सिंह मुंडा इनटर महाविद्यालय के निकट जुटेंगे फिर वहां से रैली निकलकर पैदल ही मौसी बाडी पहुंचेंगें। वहां सभा होगी। जिसमें पोलित ब्यूरो के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसकी जानकारी माकपा के राज्य कमेटी सदस्य सह तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा ने दी।

## फुटबॉल मैच में एसीएस डोरेया विजेता

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** वीर बिरसा जयंती पर तमाड़ के डोरेया में तीन दिवसीय वीर बिरसा जयंती मेले के पहले दिन गुरुवार को फुटबाल मैच का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में तमाड़ के विधायक विकास कुमार मुंडा शामिल हुए। उन्होंने सेमीफाइनल मैच का खिलाड़ियों से परिचय कर शुभारंभ किया। इसमें आठ टीमों ने भाग लिया जिसमें एसीएस डोरेया विजेता रहा। उन्हें 40 हजार रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं उप विजेता किशोर ब्रदर्स सराईकेला रहा जिन्हें 30 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। आयोजन आदिवासी छात्र समिति डोरेया द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर डाक्टर प्रकाश उराव, राजेश रूणडा, देव कुमार उरांव, धनंजय उरांव, बुधेशवर उरांव, जय प्रकाश उरांव, दीनू राजेश्वर व सुफल उरांव आदि शामिल हुए।

## भालू के हमले में अधेड़ घायल

**राहे (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के दोकाद गांव में गुरुवार की शाम भालू के हमले से 55 वर्षीय नागेश्वर महतो नामक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना अपराह्न तीन बजे घटित हुई। नागेश्वर महतो मवेशी चराने जंगल की ओर गया था। वापसी के क्रम में झाड़ियों से निकल कर एक भालू ने हमला कर दिया। इसने भालू के हमले को किसी तरह बचा लिया। भालू ने इसके पैर को नोंच खाया है। भालू के हमले के काफी देर बाद परिजनों को सूचना मिली। ग्रामीण इलाज के लिए अस्पताल ले गए। देर शाम तक वन विभाग को सूचना दिया गया है।

## सोनेट बुंडू ने जस्टिस रांची को छह विकेट से हराया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची में खेले जा रहे अंडर-14 वेंचर स्किल अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को सोनेट बुंडू ने जस्टिस रांची को 6 विकेट से हरा दिया। जस्टिस रांची पहले बल्लेबाजी करते हुए 28 ओवर में 178 रन बनाकर ऑलआउट हो गये जिसमें हर्ष ने 125 एवं रिशव ने 18 रन बनाया।सोनेट बुंडू के तरफ से कौशल राज ने 4 विकेट एवं पवन ने 3 विकेट लिये। सोनेट बुंडू दूसरी पारी खेलने उतरी और 23 ओवर में 4 विकेट खोकर 179 रन बनाकर जीत गई। इसमें अनुराग ने 98 रन बनाया एवं रोहन मुंडा ने 39 रनों की पारी खेली।

## राजकुमार राम अध्यक्ष और बीरबल बने सचिव



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की गुरुवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान और संचालन महेंद्र चौहान ने किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की उपलब्धियां और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही बुकबुका पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष राजकुमार राम, उपाध्यक्ष लवली देवी, सचिव बीरबल, संयुक्त सचिव प्रेम केसरी, संगठन सचिव देवंती देवी, सहित कार्यकारिणी सदस्यों सोमरा उरांव, मदन सिंह, विक्टोरिया किस्पोट्टा, अनिता एक्का, कालू देवी, संगीता देवी, रानी देवी, प्रवीण देवी, रंथू गंझू आदि को षामिल किया है। बैठक में चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, राजेश प्रसाद, सुभाष प्रजापति, महेंद्र चौहान, नंदू मेहता, हैदर अली खान, कलीम रिजवी, शंभू दास, इस्लाम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सूचना भवन में सेमिनार का आयोजन

# सूचनाओं के प्रेषण में एआइ की भूमिका अहम : राशिद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सूचना भवन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें जिला जन संपर्क पदाधिकारी सैय्यद राशिद अख्तर ने सभी पत्रकारों का स्वागत किया और राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दी। सेमिनार में उपस्थित पदाधिकारियों और पत्रकारों ने कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया विषय पर अपने-अपने विचार रखे। पत्रकारों ने कहा कि किसी मशीन को आपकी पत्रकारिता के मूल्यों और दृष्टिकोण की जानकारी नहीं है। कोई मशीन यह तय नहीं कर सकती कि आपके लिए कौन से मूल्य महत्वपूर्ण हैं। पत्रकारिता का महत्व बढेगा और इसका अस्तित्व और सुदृढ़ होगा। आर्टिफिशियल



सूचना भवन में उपस्थित गणमान्य लोग।

इंटेलिजेंस को जितना जल्दी अपनाएंगे, उतने बड़े स्तर पर विकास की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे। मीडिया में तकनीक के सकारात्मक उपयोग से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। एआई के पास पत्रकारिता में काफी बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। इसके जरिए व्यापक स्तर पर पाठकों से जुड़ने के नए तरीके मिलते हैं। एआई से किसी भी जानकारी को अधिक कुशलता से खोजने और बेहतर जानकारी पाने की संभावना बढ़ती है। इसका रिपोटिंग की विविधता, लोकतंत्र और जनहित पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। एआई टूल को हर मीडिया संस्थान को कार्य करना होगा। साथ ही समय के अनुसार अपने आप को परिवर्तित करने की आवश्यकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से मीडिया एंकर और रोबोटिक्स तकनीक में मानवीय बुद्धिमता की कला और मानव जाति की तरह ही सोचने समझने एवं सुनने की क्षमता निहित की गई है। भविष्य में कार्य शैलियों में परिवर्तन आयेंगे एवं इससे पत्रकारिता पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। पत्रकारों ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कोई भी अछूता नही रहेगा, हर व्यक्ति के पास मोबाइल एवं कम्प्यूटर उपलब्ध हो रहे हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल और भी अच्छे से कर रहे है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से नए और प्रभावी समाधान निकल सकते हैं। कुछ कार्यों में मनुष्यों की तुलना में अधिक स्वतंत्रता से काम कर सकता है, जिससे मानव श्रम को आराम मिलता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कुछ नुकसान या खतरा भी हैं, इससे कार्यों में सुलभता और सुगमता भी मिलेगी। वहीं, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान डिजिटल एवं तकनीकी युग में तथ्य परक सूचनाओं के प्रेषण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अहम माध्यम बन कर उभर रहा है।

## मुरहू में बाइक दुर्घटना में मजदूर की हुई मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू थानांतर्गत जाते गांव के समीप गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान मुरहू के इंदीपीड़ी गांव निवासी रंजीत हुन्नी पूर्ति (33) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रंजीत रांची में मजदूरी करता था। दीपावली में वह अपने घर आया था। गुरुवार की सुबह वह बाइक से वापस रांची अपने कार्य स्थल पर जा रहा था तभी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर जा गिरा। मुरहू पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए तोरपा विधायक ने जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जन जातीय गौरव दिवस पर बुधवार को खूंटी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने क्षेत्र सहित समस्त झारखंड वासियों का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि जनसभा में उमड़ी अपार भीड़ ने साबित कर दिया कि लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कितना क्रेज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनजातीय गौरव के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर जनजातीय समाज को 24 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी है। इन योजनाओं से आदिवासी समाज के विकास का



मार्ग प्रशस्त होगा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में उमड़ी लाखों की भीड़ ने 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव के संकेत दे दिये हैं। कोचे मुंडा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए भाजपा कार्यकताओं, नागरिकों को बधाई दी।

## अर्जुन मुंडा के घर जाकर कोचे मुंडा ने ग्रहण किया प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा के पैतृक गांव घोड़ा बंधा जाकर काली पूजा का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने माता काली से राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की।



### महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के पिता की मनायी गयी पहली पुण्यतिथि

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सांत्वना दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बचरा अयोध्या विहार कॉलोनी में गुरुवार को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह के पिता स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद सिंह की पहली पुण्यतिथि मनायी गई। इस अवसर पर स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद सिंह की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। जिसमें झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शमशेर आलम आदि शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। स्वास्थ्य



पुण्यतिथि में शामिल स्वास्थ्य मंत्री, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व अन्य।

मंत्री बन्ना गुप्ता सहित अन्य लोगों ने महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, उनकी मां, बहन पिंकी सिंह, भाई किशन कुमार सिंह से मिलकर संत्वाना दिया। ज्ञात हो कि 16 नवम्बर 2022 को बचरा मे अयोध्या प्रसाद सिंह का निधन हो गया था। एक वर्ष बीत जाने के बाद उनकी पहली पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर टंडवा बीडीओ देवलाल उरांव, सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रौशन, थाना प्रभारी गोविंद कुमार, कांग्रेस के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस, चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, श्रमिक प्रतिनिधि मुंद्रिका प्रसाद, भीम सिंह यादव, अभय कुमार सिंह, भीम प्रसाद मेहता, धीरेंद्र कुमार शर्मा, रवि भारद्वाज, विनोद कुमार, उमेश सिंह, अरूण सिंह, अजय रजक, अमन पांडेय, रवि सिंह, संतोष कुमार, अशोक ठाकुर आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जिला प्रशासन ने निकाली विकसित भारत संकल्प यात्रा, योजनाओं की दी जानकारी



खूंटी (आजाद सिपाही)। जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को खूंटी जिले से देश के 70 अनुसूचित जनजातीय आबादी वाले जिलों के लिए हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाइल आइइएस वैन संचालित की जा रही है। इसके माध्यम से आम लोगों को सरकार की योजनाओं और उसके लाभ की जानकारी दी जा रही है और आम लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को अड़की प्रखंड की सरगेया, उपर बालालोंग पंचायत और खूंटी प्रखंड की मारंगहादा, लांदूप, कर्रा प्रखंड की छाता और डुमरगड़ी, मुरहू प्रखंड की गुटुहातू, डिगरी व रनिया प्रखंड की जयपुर और बनई पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसे लेकर प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बनाए गई उत्सव समिति और स्वागत समिति सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। सतत कृषि गतिविधियों पर सत्र के दौरान किसानों को पारंपरिक एवं वैज्ञानिक खेती के संबंध में जानकारी दी गई। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों का अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना जैसे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि तहत लाभ प्राप्त करने तथा योजना से संबंधित जानकारी को लोगों को दी गई।

## नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने खूंटी के खिलाड़ी दिल्ली रवाना

खूंटी (आजाद सिपाही)। कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 18-19 नवंबर को आयोजित होनेवाली सब जूनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए जिले के 10 खिलाड़ी गुरुवार को रांची रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए झारखंड के विभिन्न जिलों से कुल 32 खिलाड़ियों का चयन झारखंड राज्य कराटे चैंपियनशिप के दौरान किया गया था। इनमें खूंटी के ये 10 खिलाड़ी शामिल हैं। जिले के खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन की ओर से सचिन कुमार को कोच बनाया गया है। सभी खिलाड़ियों को जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हेजाज असदक, उपाध्यक्ष शादाब खान, बालाजी होरो, शीतल टोपनो आदि ने शुभकामनाएं दी।

## खूंटी में युवक ने फंदे से झूल कर की खुदकुशी

खूंटी (आजाद सिपाही)। सदर थाना अंतर्गत सिलादोन गांव निवासी लखन महतो के 18 वर्षीय पुत्र राजेश महतो ने अपने घर में ही रस्सी के सहारे फंदे से झूलकर खदकुशी कर ली। गुरुवार की सुबह स्वजनों की नजर जब फंदे से झूल रहे राजेश पर पड़ी, तो आनन फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गई। खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

## सायको में कुआं में डूबने से ग्रामीण की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। सायको थानांतर्गत बलंगा गांव निवासी मनसा मुंडा (59) नामक ग्रामीण की गांव के एक कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई। इसकी सूचना सायको पुलिस को बुधवार देर शाम दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। गुरुवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

## बचरा के छठ घाटों का टंडवा बीडीओ ने किया निरीक्षण

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा छठ घाट का टंडवा बीडीओ देवलाल उरांव ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बचरा छठ घाट का निरीक्षण कर छठ घाट की साफ सफाई और लाईटिंग सहित सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। छठ पूजा के दिन बचरा छठ घाट में उमड़ने वाली भीड़ की जानकारी लेने के साथ ही छठ व्रतियो को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसको लेकर आवश्यक निर्देश भी दिया। उन्होने कहा कि छठ पूजा को लेकर टंडवा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं पूजा समिति के सदस्यों को आस्था और भक्ति के साथ छठ पूजा संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता आदि थे।

## काली पूजा मेला पहुंचे आजसू महासचिव रोशन लाल चौधरी, मां काली के किये दर्शन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के चिरैयाटांड़ गांव में आयोजित काली पूजा मेला में आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। उन्होंने मंदिर जाकर मां काली के दर्शन किये और क्षेत्र की सुख शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन रोशनलाल चौधरी ने किया। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड में मनाए जाने वाले पर्व-त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है। उन्होंने आयोजन समिति से इस तरह का आयोजन आगे भी जारी रखने की अपील की। साथ ही इस तरह के आयोजन में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बसंत नारायण महतो, नागेश्वर महतो, विमल महतो, लखन महतो, जानकी महतो, प्रीतम महतो, टिकेश्वर महतो, बालकृष्ण महतो, गुलाबचंद महतो, विश्वनाथ महतो, वीरेंद्र महतो, कीर्तन महतो, अर्जुन महतो, देवनाथ महतो, सुरेश करमाली आदि मौजूद थे।

## लपरा छठ घाट की करायी गयी सफाई



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज स्थित लपरा छठ घाट की गुरुवार को सफाई कराई गई। रेलवे पुल निर्माण के दौरान छठ घाट पर कचरा जमा हो गया था। समाजसेवी एवं युवकों ने मशीन की मदद से घाट की मिट्टी को समतल किया। इस कार्य में जितेंद्र पांडेय, विजय गुप्ता, मनोज गिरी, अमित गुप्ता, अविनाश पाण्डेय, अविनाश गिरी, रुपेश चौरसिया, हरि रजक, रमेश गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

## शाइन अब्दुर्रज्जाक अंसारी नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने किया आत्महत्या का प्रयास



**छात्रों ने लगाया निदेशक आरिफ अंसारी पर टॉर्चर करने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमान्झी।** शाइन अब्दुर्रज्जाक अंसारी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्र शुभम सिंह ने बुधवार रात को फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। दोस्तों के प्रयास से फंदे से उतार कर मेदांता अस्पताल इरबा में भर्ती कराया गया। शुभम के माता पिता ने बताया कि शुभम ठीक है। शाइन नर्सिंग के छात्रों ने गुरुवार को शुभम से मिलने मेदांता अस्पताल पहुंचे। अस्पताल प्रबंधन द्वारा छात्रों को गेट पर ही रोक दिया गया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा छात्रों को बताया गया कि शुभम की हालत स्थिर है। उसके बाद छात्रों ने मेदांता गेट के पास ही शाइन निदेशक आरिफ अंसारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने बताया कि कॉलेज निदेशक द्वारा लड़का लड़की के बात करने पर ढाई लाख का फाइन लगाया जाता है। छुट्टी मांगने पर एक हजार रुपये फाइन किया जाता है। शुभम फांसी क्यों लगाया पूछने पर बताया गया कि रिजल्ट खराब हुआ था। रिजल्ट खराब होने के कारण निदेशक द्वारा शुभम को टॉर्चर किया जाता था। छात्र बार बार निदेशक को सामने लाने की मांग कर रहे थे। मेदान्ता अस्पताल प्रबंधक द्वारा समझा बुझाकर छात्रों को गेट के पास हटाया गया। बाद मे छात्र मुख्यमंत्री से मिलने रांची कूच कर गये। रास्ते में बी डी ओ विजय कुमार, सी ओ नितिन शिवम गुप्ता, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह सिंह, रुक्का टी ओ पी प्रभारी राघवेंद्र चौधरी, बी आई टी प्रभारी सुमित कुमार ने समझाने का प्रयास किया पर छात्र नहीं माने।

## रातू प्रखंड अंजुमन इस्लामिया कमेटी के ऑफिस का किया गया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड अंजुमन इस्लामिया कमिटी के ऑफिस का भव्य उद्घाटन किया गया। अल्पसंख्य आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने फिता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, पूर्व जीप सदस्य ऐनुल हक, हकीम अंसारी, शमीम अली, शमीम बड़ेहार, आजम अहमद, आजम अंसारी, प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, ओरमांझी के पूर्व प्रमुख मुंतजिर आलम, मुफ़्ती अजहर कासमी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आदि लोगो मे संबोधित कर कमेटी को अल्पसंख्यक बच्चो के लिये शिक्षा, युवकों के लिये रोजगार व सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास कार्यो की योजनाओं को लोगो तक पहुंचाने की बात कही। कमेटी के लोगो ने अतिथियों को मोमेंटो व पुष्प देकर सममनित किया गया। वही अतिथियों ने भी माला पहनाकर कमिटी के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में कमिटी के विस्तार भी किया गया जिसमें प्रत्येक मस्जिद कमिटी के दो सदस्यों को प्रखंड अंजुमन कमिटी में रखा गया। इस दौरान समाजसेवी रांची निवासी आजम अहमद ने कमिटी के कार्यालय के लिये पांच डिसमिल जमीन देने की बात कही। जिससे अलसंख्यक समुदाय के विकास व जनकल्याण योजना को आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम की सफलता में कमिटी के पदाधिकारी अंजुम खान, अजीमुल हक, मोख्तार अंसारी, अनिसुल रहमान, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, के अलावा दर्जनों लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रांची पहुंचे पीएम मोदी का राजेंद्र प्रसाद और क्षितीश कुमार राय ने किया स्वागत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** जनजातीय गौरव दिवस में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची पहुंचे। जहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पीएम नरेंद्र मोदी का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद और मोर्चा के वरिष्ठ सलाहकार झारखंड आंदोलनकारी व नागपुरी कवि गीतकार क्षितीश कुमार राय ने स्वागत व अभिवादन किया।

### लापुंग में सोहराई जतरा का आयोजन, पारंपरिक तरीके से हुई पूजा

# झारखंडी संस्कृति की विरासत है सोहराई जतरा : सन्नी टोप्पो

**आदिवासी समाज शिक्षा में काफी पिछड़े हैं। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की अपील की**





सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारंभ करते हुए सन्नी टोप्पो व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के मलगो गांव में 22 पाड़हा सोहराई जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हर एक टोला से कई खोड़हा दलों ने पारंपरिक नृत्य करते हुए जतरा में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। जहां उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सोहराई जतरा झारखंड की सास्कृतिक विरासत है। इसे बचाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा हमें अपनी पहचान और संस्कृति को बचाना है ताकि आने वाली पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिल सके, जतरा या ऐसे धार्मिक और पारंपरिक आयोजन को जिंदा रखने की आवश्यकता है। जिससे आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति जान पाएं। ऐसे आयोजन से समाज में एकता का संचार होता है। आदिवासी समाज शिक्षा में काफी पिछड़े हैं। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अशोक साहू, ग्राम प्रधान पूना मुंडा, कोषाध्यक्ष धनेश्वर साहू, मुखिया सुगी उराइन, पंसस गीता देवी व प्रेम साहू, बंधु साहू, अघनु साहू, चरकु साहू, विजय सिंह, राजा साहू, वीरेंद्र साहू, विजय साहू, संरगु पहान सहित समस्त ग्रामवासी योगदान दिया।

## तीन रचनाकार स्पेनिन गौरव से स्म्मानित होंगे

**डॉ मयंक मुरारी को 2023 का सिद्धनाथ स्मृति सम्मान**

**नंद पांडेय, अंकिता सिन्हा व मनोज कपरदार को स्पेनिन गौरव सम्मान**









आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** इस वर्ष 2023 के लिए डॉ सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान की घोषणा कर दी गयी है। इस बार झारखण्ड के चिंतक डॉ मयंक मुरारी को उनके समग्र लेखन के लिए सम्मानित किया जायेगा। प्रदेश के मुर्धन्य साहित्यकार डॉ माया प्रसाद, डॉ अशोक प्रियदर्शी एवं कुमार संजय ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। इसके साथ हीं उन्होंने स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान की भी घोषणा की है। कविता लेखन के लिए रांची की नंदा पाण्डेय को, गजल और मुक्तक छंद लेखन के लिए जमशेदपूर की अंकिता सिन्हा को और कला-परंपरा के संरक्षण के उपर लेखनी चलाने के लिए मनोज कुमार कपरदार को यह सम्मान दिया जायेगा। सभी व्यक्तित्वों को आगामी 25 नवंबर को उर्सलाइन कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। जानकारी देते हुए डॉ कुमार संजय ने बताया कि डॉ मयंक मुरारी को उनके संपूर्ण साहित्य को ध्यान में रखकर देने का निर्णय लिया गया है। डॉ मयंक मुरारी का संपूर्ण लेखन भारतीय अध्यात्म, संस्कृति और ज्ञानात्मक समृद्धि से हमें परिचित कराता है। भारतीय संस्कृति और आधुनिक साहित्य पर उनकी 13 किताबें प्रकाशित हो चुकी है। इसके अलावा लगातार देश के पत्र-पत्रिकाओं में लेखन कार्य के साथ व्याख्यान करते हैं। नंदा पाण्डेय कविताएं लिखती हैं। फिलहाल उनका एक हीं संकलन आया है। अंकिता सिन्हा गजल और मुक्तक भी लिखती हैं। मनोज कुमार कपरदार अपनी लेखनी से आदिवासी कला-परंपराओं को रेखांकित कर उन्हें जीवित रखने के उपक्रम में लगे हैं।

## मुरगू में हाइवे का काम बंद, उड़ रही धूल से राहगीर परेशानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र स्थित मुरगू (एनएच 75) में सड़क का निर्माण करा रहे ठेकेदार के भाग जाने के कारण एक माह से निर्माण कार्य बंद है। सड़क निर्माण हो रहा था तब पानी का छिड़काव हो रहा था, परंतु जब से काम बंद हैं तब से मुरगु के ग्रामीण सिर्फ धूल फांक रहे हैं। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को सड़क जाम करने का प्रयास किया, परंतु रातू थाना प्रभारी सपन महथा द्वारा समझाने और एनएचएआई के अधिकारियों से बात करने की बात कहने पर ग्रामीण मान गए। इसके बाद बीडीओ हरिशंकर बारिक को ज्ञापन सौंपकर कहा कि 24 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर सड़क जाम की जायेगी। गांव के सत्यनारायण यादव ने बताया कि ठेकेदार दुर्गा पूजा से पहले सड़क का निर्माण कार्य बंद कर दिया है। वहीं पानी का छिड़काव नहीं होने से सड़क पर उड़ रही धूल से लोग परेशान हैं। मौके पर लखन गोप, राजू वर्मा, रमेश साहू, सुजीत सिंह, काली साहू, कलाम अंसारी, पंकज गोप, सत्यनारायण यादव और अभिषेक सिंह आदि मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने एथलीट्स राजकुमार वाल्मीकि से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** रांची राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने नामकुम स्थित पतरा टोली निवासी सह एथलीट्स खिलाड़ी राजकुमार वाल्मीकि से उनके आवास जाकर मुलाकात की। साथ ही उनको बुके देकर और मुंह मीठा कराका स्वागत किया। गौरतलब है कि फिलिपींस में आयोजित 22वें एशियाई मास्टर एथलेटिक्स मीट में झारखंड के मास्टर एथलीट्स राजकुमार वाल्मीकि ने भारत को रजत पदक दिलाया है। आजाद सिपाही से बात करते हुये उन्होंने बताया कि उनका बचपन नामकुम के पतरा टोली में बिता है। उनका पैत्रिक गांव (मेरठ) उत्तर प्रदेश है। उन्होंने बताया कि उनके पिता और माता जी आर्मी में सफाई कर्मी के रुप में कार्यरत थे। 15 से 16 वर्ष की उम्र से ही नामकुम बाजार मैदान में गोला फेक कर अभ्यास करते थे। राजकुमार वाल्मीकि (62) सीसीएल गांधीनगर से सेवानिवृत अधिकारी है। उन्होंने गोला फेक प्रतियोगिता एशियन गेम में हिस्सा लिया और भारत को पदक दिलाकर देश का नाम और शान बढ़ाया।

# छठ पूजा सामग्री की खरीदारी में जुटे श्रद्धालु



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी तेज हो गयी है। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ पर्व आरंभ हो जायेगा। इसको देखते हुए पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए गुरुवार को सप्ताहिक बाजार में रौनक आ गयी है। बाजार श्रद्धालुओं से भरा पटा रहा। छठ पर्व पर पूजा के लिए लोग हर छोटी से छोटी सामग्री को जुटाने में लगे रहे। श्रद्धालु छठ की पूजा शुरू होने से पहले सारी तैयारी पूरी कर लेना चाहते हैं। इस बार सत्रह नवंबर से चार दिवसीय छठ पर्व शुरू हो रहा है, जो बीस नवंबर तक चलेगा। छठ में सफाई और शुद्धता का बहुत ध्यान रखा जाता और कोई सामग्री छूट न जाए। इसका भी पूरा ध्यान रखते हैं क्योंकि छठ में हर छोटी से छोटी चीजों की अपनी अहमीयत होती है। इसलिए व्रती समय से सारी तैयारियां पूरी कर रहे हैं। इसको लेकर बाजार की रौनक बदल गई है। विभिन्न स्थानों पर पूजन सामग्रियां बिक रही है। श्रद्धालु अपनी अपनी जरूरतों के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। इसको लेकर महावीर चौक,जिला परिषद व बाजार टांड़ में खरीदारी किया।

### छठ में छह प्रकार के फलों का खास महत्व

लोक आस्था का महापर्व छठ के लिए विभिन्न प्रकार के फलों का काफी महत्व है। जितेंद्र पाठक ने बताया कि फलों और सामग्री में नारियल, केला, नींबू, सिंघाड़ा, ईख और गुड़ मुख्य रूप से शामिल हैं। इन पूजन सामग्री के बाहरी आवरण सख्त होते हैं, जिनसे इस इनमें शुद्धता बनी रहती है। उन्होंने ने बताया कि छठ मईया को प्रिय फलों में इनकी व्यवस्था श्रद्धालु करते हैं। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए नारियल चढ़ाने की मनौती भी मांगते हैं। इसलिए कुछ व्रतियों के डाले में कई-कई नारियल होते हैं। नारियल को देवी लक्ष्मी का स्वरूप और परम पवित्र फल माना जाता है। केला को भगवान विष्णु का प्रिय फल माना जाता है। यह पवित्र फल है। लोग मनोकामना पूर्ति के लिए केले का घौद भेंट करने का प्रण लेते हैं। गन्ना का आवरण भी सख्त होता है। छठ में गन्ना का भी काफी महत्व है। ईख के गुड़ का प्रसाद ही बनाया जाता है। नींबू और परंपरागत रूप से शुभ के लिए सुपारी का भी इस पर्व में काफी महत्व है। सिगारा माता लक्ष्मी को भी प्रिय है। रोग नाशक व शक्ति वर्धक माना जाता है।

### कपड़े की दुकानों में लौटी रौनक

छठ पूजा के लिए कोशी, बांस का सुपली, दउरा, साड़ी समेत अन्य वस्त्रों की खरीदारी श्रद्धालु कर रहे हैं। व्रतियों के लिए नए वस्त्र में पर्व करने की परंपरा रही है। इस वजह कपड़ा और रेडीमेड की दुकानों पर भी काफी भीड़ लग रही है। पूजा करने वाली व्रती महिला नयी साड़ी में ही पूजा करती है। इसलिए इस समय साड़ी की दुकानों पर भीड़ लगी हुई है। साथ ही इस समय चूड़ी, बिदी सहित महिलाओं की श्रृंगार सामग्रियों की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी जा सकती है।

### महंगे बिके कद्दू

नहाय खाय के साथ छठ का पर्व आज आरंभ हो जायेगा। इसके लिए कद्दू की काफी महता है। बाजार में एकाएक कद्दू की मांग बढ़ने से महंगे दाम पर बिक रहा है। चुकी व्रतियों के लिए नहाय खाय के पर्व में कद्दू का सेवन करना आवश्यक माना जाता है। जिसको लेकर प्रत्येक व्रतियों के लिए इसकी पूर्ति को बाजार में श्रद्धालु पहुंचते हैं। छोटे से छोटे प्रति कद्दू की कीमत 20 से 30 रुपये की रही।

## लापुंग के फतेहपुर में पहली बार छठ व्रतियों के लिए नया घाट बनाया गया



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के फतेहपुर में छठ घाट पहली बार बनाया गया। इसकी सफाई सफाई विहीप कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू के सौजन्य से पहली बार फतेहपुर में छठ घाट बनाया गया आज छठ घाट का सुधिकरन किय्या गया। मुखिया सविता उरांव के मद से स्नान घाट बना। इस छठ घाट की साफ सफाई जेसीबी और श्रम दान कर साफ सफाई कराया गया। इससे पूर्व एव छठ व्रती गोबिंदपुर छठ घाट में दो किमी जाकर सूर्य देव को अर्ध्य देते थे। फतेहपुर छठ घाट का सुधिकरन कारो नदी छठ घाट पर विधिवत पूजा पाठ कर पंडित अजित शर्मा ने किया व साथ ही सत्यनारायन भगवान का कथा सुनाया और प्रसाद वितरण किया। मुख्य यजमान राम प्रसाद साहू सहयोगी रामकिशोर साहू, सन्दीप साहू, मनोज साहू, विष्णु साहू, राजेश नाग ,पवन कुमार साहूके अलावे बच्चो ने भी छठ घाट की सफाई में सहयोग किया। छठ व्रती रनथी देवी, अनिता देवी, शीतल देवी, सुरजिला देवी, देवन्ति देवी आशा देवी के अलावे अनेक कुंवारी कन्याए छठ घाट सुधिकरन में भाग लिए। यह घाट बन जाने से फतेहपुर की छठ व्रती को दो किमी दूरी कम होगी जिसर छठ व्रती ने घाट में लाइट व बाजा की व्यवस्था किया जा रहा है।

## मुखिया ने ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बुलायी बैठक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ में आज वृहस्पतिवार के दिन मुखिया भुवनेशवर बेदिया ने ग्राम पंचायत समन्यवय समिति का बैठक बुलाया। बैठक में विशेष रूप से अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा उपस्थित थे। बैठक में नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी सेविका, साहिका, सहिया, जल सहिया, के अलावा स्वयं सेवी संस्था, जैसे रामकृष्ण मिशन आश्रम, टीआईआर आदि के प्रतिनिधि भी सामिल थे। बैठक का उदेश्य पंचायत का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से कैसे किया जाय, ताकी केरल के तर्ज पर पंचायत का विकास किया जा सके पर विशेष चर्चा की गयी। साथ ही मुखिया जी ने घोषणा की है कि प्रत्येक मह के 16 तारीख को समन्यवय समिति का बैठक किया जायेगा। इस मौके पर टीआरएआई के प्रखण्ड सामन्यवक मुनाजीर अंसारी, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान, रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार हब के प्रतिनिधि पहलू बेदिया, सोनी कुमारी, सोमरा बेदिया, टीआरएआई के पार्वती, वार्ड सदस्य सुमन, सबिता देवी, नीलम हेमरम, सुगन, गंगाधर मुंडा, विजय बेदिया, दीपीका, गीता, मुन्नी, गायत्री देवी, इन्दूरेखा देवी, सुमित्रा बेदिया, शान्ति देवी, शीला आदि उपस्थित थे।

## पंचायत प्रभारी के साथ बंधु तिर्की ने की बैठक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी के सभी पंचायत के पंचायत प्रभारी के साथ गुरुवार को पूर्व मंत्री झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधू तिर्की ने बैठक किया। बैठक में श्रीं तिर्की ने सभी पंचायत प्रभारी को अपने अपने पंचायत के गांवो व टोलो में जाकर वहां की समस्या से अवगत होने और उन्हें समाधान करने का सुझाव दिए। साथ ही साथ पंचायत प्रभारी को सभी पंचायत में संगठन के सशक्तिकरण पर ध्यान देने और ग्रामीणों की हर समस्या का निराकरण करने को कहा गया। मैके पर मोदस्सीर हक, नवलकिशोर सिंह, मो फहीम, देवनिश तिग्गा, मो हबीब, बुधराम, सोमरा लोहरा, लालदेव, मीर मुस्लिम, शंभु बैठा, वीरेंद्र उरांव, मो शमशाद, राजेश गोप, रईफउद्दीन मिरदाहा सहित सभी पंचायत के पंचायत प्रभारी उपस्थिति थे।

## अर्जुन मुंडा के घर पूजा में शामिल हुए आशीष साहू



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के घर काली पूजा का आयोजन किया गया था। जिसमे भाजपा के युवा व युवा दस्तक ओरमान्झी के अध्यक्ष आशीष साहू अपने कार्यकताओं संग भाग लिया। पूजा में भाग लेने वालों में आशीष साहू संग विक्रांत तिवारी, शशि मेहता, अमित कुशवाहा, शशि पांडे, नवीन महतो, विक्रम महतो, जिमी महतो, शहिल महतो, विजय महतो भी मौजूद थे।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** शालिनी अस्पताल और उषा मार्टिन फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरूवार को मासु गांव में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ वैद्य अमिता जैन ने लगभग 85 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ समायोजन कर हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर कर सकते हैं। बीमार हम तब होते हैं जब प्रकृति के विपरित कार्य करते हैं। शालिनी अस्पताल के प्रबंधक राणा विकास ने बताया कि यह कार्यक्रम दर्द निवारक दवा मुक्त अभियान के तहत चलाया जा रहा है। कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्यक्रम निरंतर अन्य गांवों मे भी जारी रहेगा। मौके पर उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी, वरूण कुमार, मोनित भुटकुमार, सविता , शालिनी अस्पताल के शिशिर कुमार भगत, दिलीप मुण्डा, मोहर महतो, संपूर्णानंद महतो, ग्रामप्रधान देवराज पहान, बैजनाथ महतो, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, जलसहिया आदि मौजूद थे।

## चोरेया में सोहराई जतरा का आयोजन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखड स्थित चोरेया में 21 पड़हा सोहराई जतरा का आयोजन गुरूवार को किया गया। एतवा पाहन द्वारा विधिवत पूजा कर जतरा की शुरूआत की गयी। जतरा में डोंबा टोली, बरवा टोली, नागड़ा, कानभिठा और उचरी के खोड़हा जतरा स्थल पहुंचकर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर जतरा को आकर्षक बनाया।

